**सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बाल गोविन्द वर्मा :** (क) और (ख). पाली जिले की 4 तहसीलो मे विद्युतीकरण ग्रामो की सख्या नीचे दी जाती है —

| तहसील | | | ग्रामो की सख्या |
|---|---|---|---|
| खरची | . | . | 14 |
| बाली . | . | . | 51 |
| देसूरी | . | . | 16 |
| पाली . | . | . | 9 |

पाली जिले मे रोहत ही केवल एक ऐसा ग्राम है जिसे अभी तक विद्युतीकृत नही किया गया है। खरची तहसील मुख्यालय पहले ही विद्युतीकृत हो चुका है। राज्य बिजली बोर्ड ने इन तहसीलों मे शेष ग्रामो को बिजली देने के लिए अभी कोई कार्यक्रम नही बनाया है।

### राजस्थान के गांवों को बिजली की सप्लाई

9618. **श्री मूलचन्द डागा : क्या सिंचाई और विद्युत्** मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि राजस्थान राज्य के उदयपुर जिले के कोटरा, गोगुदा और झाडोल आदिवासी विकास खण्डो के किन किन गावो मे बिजली सप्लाई की गई है तथा शेष गावो मे बिजली की सप्लाई कब तक कर दी जायेगी ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बाल गोविन्द वर्मा) :** गोगुन्डा तहसील मे गोगुन्डा तहसील मुख्यालय और 5 ग्राम नामश चतिया खेरी, कछवा, मेजावरी, खकरी और जसवंतगढ विद्युतीकृत हो चुके हैं। कोतरा तथा झारोल तहसीलो मे अभी तक कोई गांव विद्युतीकृत नही किया गया है जो कि वर्तमान पारेषण प्रणाली से बहुत दूर हैं। विद्युत् बोर्ड ने सूचित किया है कि इन क्षेत्रों के विद्युतीकरण में काफी व्यय करना, पड़ेगा तथा सभी गावो मे विद्युत् का विस्तार पाचवी योजना मे धनराशि की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

### राजस्थान के पाली जिले में बोडी नदी के किनारे-किनारे स्थित कुओं को बिजली की सप्लाई

9619. **श्री मूलचन्द डागा : क्या सिंचाई और विद्युत** मत्री यह बताने की की कृपा करेंगे कि सरकार का विचार राजस्थान के पाली जिले मे बोडी नदी के किनारे-किनारे स्थित सैकडो कुओ को वहा कृषि उत्पादन बढाने को दृष्टि मे रखते हुए कब तक बिजली सप्लाई करने का है।

**सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बाल गोविन्द वर्मा)** ग्राम विद्युतीकरण स्कीमे राज्य बिजली बोर्ड द्वारा तैयार की जाती है और राज्य योजनाओ के अन्तर्गत उनके द्वारा कार्यान्वित की जाती है। ग्राम विद्युतीकरण निगम द्वारा केन्द्रीय क्षेत्र मे योगात्मक वित्तीय व्यवस्था की जाती है। विद्युतीकरण निगम द्वारा वित्तीय व्यवस्था के लिए स्कीमो को राज्य बिजली बोर्डों द्वारा तैयार और स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाता है। पाली जिले के लिए कोई स्कीम अभी तक प्रस्तुत नही की गई हे। राजस्थान राज्य बिजली बोर्ड ने बताया है कि पाली जिले मे बोडी नदी के किनारो पर कुओ के विद्युतीकरण के लिए अभी तक सर्वेक्षण नही किए गए है।

### Request by West Bengal for Inclusion of Teesta Barrage Project under Central Sector

9620. SHRI A.K.M. ISHAQUE: Will the Minister of IRSIGATION AND POWER be pleased to state .

(a) whether Government have received an urgent request from the Government

of West Bengal to include Teesta Barrage Project under Central Sector, and

(b) if so, the reaction of the Central Government thereto?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI BALGOVIND VERMA): (a) The Government of West Bengal have urged the need for central assistance for the Teesta Barrage scheme by its inclusion in the Central Sector.

(b) Irrigation being a State subject, funds for irrigation projects have to be found from within the frame work of overall developmental programme of the State Government concerned. The question of inability of State Goevernments to meet the needs of their irrigation programme had been discussed on several occasions in the past and it was finally decided by the National Development Council at the time of formulation of the Fourth plan that irrigation projects would continue to form part of State Plan.

As such, it is not possible to include Teesta Barrage scheme in the central sector

**Introduction of an Express Train from Purulia to Howrah via Bankura and Kharagpur**

9621. SHRI A.K.M ISHAQUE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the people of back-ward Districts of Purulia and Bankura have demanded a fast moving Express Train from Purulia to Howrah *via* Bankura and Kharagpur;

(b) if so, the action taken thereon, and

(c) when an Express Train will be introduced from Purulia to Howrah *via* Bankura and Kharagpur

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS ( SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) Yes.

(b) Running of an additional train as an Express train between Purulia and Howrah *via* Bankura and Kharagpur is at present neither justified on traffic considerations nor feasible operationally for want of adequate terminal facilities at Howrah. Conversion of the existing Howrah-Purulia Chakradharpur passenger train into an Express train by deletion of halts is also not desirable in the interest of the passengers who will otherwise be deprived of this service.

(c) Does not arise.

**Extensive Irrigation Project in Bihar**

9622. SHRI A.K.M. ISHAQUE: Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state:

(a) whether any irrigation project has been taken up in the Fourth Five-Year Plan in Chotanagpur Division and Santhal Parganas District in Bihar State, which are mainly populated byadivasi Agriculturists; and

(b) if so, the main features thereof and the acres of land to be irrigated by the project?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI BALGOVIND VERMA): (a) Yes Sir. Five medium irrigation schemes have been approved for execution during the Fourth Five Year Plan period in Chhotanagpur and Santhal Parganas in Bihar State in addition to the nine medium irrigation schemes which spilled over into the Fourth Plan.

The State Government have also proposed five more schemes in their Annual Plan of 1973-74 which are under technical scrutiny in the Central Water and Power Commission. Besides these unapproved schemes, one major and one medium irrigation scheme have been received in the Central Water and Power Commission from the State Government in February, 1973, and these are under examination.